8085 में जब रूकावट क्रिया (Interrupt Process) की जाती है सर्वप्रथम इस क्रिया को शक्तियुक्त (Enable) किया जाता है तथा इसके लिये (Enable Interrupt) का प्रयोग किया जाता है। यह निर्देश रूकावट फ्लिप फ्लॉप -शक्तियुक्त (Enable) करता है। यदि फ्लिप फ्लोप को दूसरी बार निर्देशित करना है तो DI (Disable Interrupt) का प्रयोग किया जाता है।

जब माइक्रोप्रोसेसर निर्देशों को हल करता है तो यह रूकावट लाइन (Interrupt Line) को प्रमाणित करता रहता है। यदि INTR लाइन उच्च स्तर पर जाती है तो माइक्रोप्रोसेसर जिस निर्देश पर है उसे हलकर के शक्तियुक्त रुकावट फ्लिप फ्लोप (Enable Interrupt) को बिना शक्तियुक्त (Disable) करता है तथा संकेत भेजता है जो मांगी गई रूकावट (Interrupt) को स्वीकार करता है।

यह रूकावट स्वीकार संकेत (Interrupt Acknowledgement Signal) एक निर्देश को मुख्य प्रोग्राम मे डालने (Insert) के लिये उपयोग होता है। इसे अलग से हार्डवेयर (Hardware) लगा कर भी किया जा सकता है इसे पुनः चालू निर्देश (Restart Instruction) कहते हैं। इसे RST से भी दर्शाया जाता है।

एक RST निर्देश एक बाइट के बराबर होता है इसे CALL निर्देश भी कहते है! यहाँ पर यह ध्यान देने योग्य बात है कि जब माइक्रोप्रोसेसर RST निर्देश प्राप्त करता है तो यह मुख्य प्रोग्राम के अगले निर्देश को स्टेक (Stack) पर बचाकर रख लेते है। इसके पश्चात उस विशिष्ट मेमोरी जगह पर प्रोग्राम को हल करता है इसे सर्विस सबरूटीन (Service Subroutine) कहते हैं इससे EI निर्देश भी जुड़ा होता है जब यहाँ प्रोग्राम पूरी तरह हल हो जाता है तो RET निर्देश (Return Instruction) द्वारा यह वापस मुख्य प्रोग्राम मे वापस आ जाता है जहाँ प्रोग्राम छोड़ा जाता है।

4.5.3 RST निर्देश [RST (restart) Instruction]

8085 के निर्देश सेट पर आठ RST निर्देश होते हैं। यह एक बाइट के CALL निर्देश होते हैं जो प्रोग्राम को एक विशेष मेमोरी जगह OOH पर अन्तरण करते हैं। इसे टेबिल (4.1) में प्रदर्शित किया गया है।

मेनोमोनिक्स	बाइनरी कोड हेक्सा								CALL जगह कोड (हेक्सा में)	CALL जगह
	D_7	D_6	D_5	D_4	D_3	D_2	D_1	D_0		
RST 0	1	1	0	0	0	1	1	1	1C7	0000
RST 1	1	1	0	0	1	1	1	1	1CF	0008
RST 2	1	1	0	1	0	1	1	1	1D7	0010

RST 3	1	1	0	1	1	1	1	1	1DF	0018
RST 4	1	1	1	0	0	1	1	1	1E7	0020
RST 5	1	1	1	0	1	1	1	1	1EF	0028
RST 6	1	1	1	1	0	1	1	1	1F7	0030
RST 7	1	1	1	1	1	1	1	1	1FF	0038

चित्र (4.5) के अनुसार जब INTR line शक्तियुक्त होती है तो स्वीकार करने वाले संकेत उत्पन्न होते हैं। प्रथम मशीन (M) चक्र में RST निर्देश डाटा बस पर लाया जाता है जो कि स्टेक पर होता है और यही कारण है कि सि रूटीन (Service routine) के बाद भी प्रोग्राम चलता रहता है। M, चक्र में एड्रेस पर स्टेक पाइन्टर एक जगह रखी जाती है और प्रोग्राम काउन्टर में उच्च स्तरी एड्रेस M, चक्र में फिर प्रोग्राम काउन्टर की निम्न स्तर एड्रेस लोड होते है तथा स्टेककी (SP-2) जगह पर रखा जाता है।



चित्र (4.8) RST निर्देश

4.5 अन्य 8085 रूकावट (Additional 8085 Interrupt)

8085 में पाँच रूकावट (Interrupt) इनपुट होते हैं जिनमें एक INTR (पिन क्रमांक 10) तथा अन्य चार क्रमश: TRAP, RST 7.5, RST 6.5, RST

5.5 (पिन क्रमांक 6 से 9) होते हैं जिनकी विशेष मेमोरी जगहें होती हैं और ये वही अन्तरण होते। इन्हें स्वचालित वेक्टर (Automatically Vectored) भी कहते हैं।



चित्र (4.6) 8085 के रुकावट (Interrupts)

जैसा कि चित्र (4.6) से स्पष्ट है कि 8085 के चार रूकावट (Interrupt) वेक्टर होती हैं और यदि ये की जाती हैं तो प्रोग्राम सीधे निर्देशित मेमोरी जगहों पर चला जाता है। इसके अलावा भी मेमोरी जगहें बनाई जा सकती हैं जो सीधे मुख्य प्राग्राम पर रूकावट (Interrupt) करने के बाद होती है इसके लिये एक वाह्य हार्डवेयर की आवश्यकता होती है जो चित्र 4.6 के अनुसार मेमोरी जगहों को बनाता हैं। सामान्यतः RST 7.5, RST 6.5, RST 5.5 मुखडों सहित रूकावटें (Maskable Interrupt) होते हैं। जहाँ तक TRAP का प्रश्न है ये मुखड़ों वाला नहीं (Non Maskable) होता है इसे NMI भी कहते हैं।

4.7 आश्रित CALL तथा RET निर्देश (Conditional Call and Return instruction)

निराश्रित CALL तथा निराश्रित RET (Return) के अलावा 8085 आठ

आश्रित CALL (Conditional Call) तथा आठ आश्रित RET (Conditional Return) होते है। इन अवस्थाओं में Flag का परीक्षण किया जाता है । आश्रित CALLS के अनुसार जब अवस्था (Condition) मिलती है तब ही प्रोग्राम सबरूटीन (Sub tine) में जाता है अन्यथा नहीं। और जब सबरूटीन (Subroutine) में प्रोग्राम के RET (Return) अवस्था मिलती है तब ही ये वापस मुख्य प्रोग्राम में आते हैं।

आश्रित कॉल (Conditional Call)

CC	सबरूटीन कॉल यदि कैर्री फ्लैग सेट हो	(CY=)
CNC	सबरूटीन कॉल यदि कैर्री फ्लैग रिसेट हो	(CY=0)
CZ	सबरूटीन कॉल यदि शून्य फ्लैग सेट हो	(Z=1)
CNZ	सबरूटीन कॉल यदि शून्य फ्लैग रिसेट हो	(Z=0)
CM	सबरूटीन कॉल यदि चिन्ह फ्लैग सेट हो	(S = 1, ऋणात्मक संख्या)
CP	सबरूटीन कॉल यदि चिह्न फ्लैग रिसेट हो	(S= 0, सकारात्मक संख्या)
CPE	सबरूटीन कॉल यदि पैरिटी फ्लैग सेट हो	(P = 1, सम संख्या)
CPO	सबरूटीन कॉल यदि पैरिटी फ्लैग रिसेट हो	(P = 0, विषम संख्या)

आश्रित RET

RC	RET यदि कैर्री फ्लैग सेट हो	(CY=1)
RNC	RET यदि कैर्री फ्लैग रिसेट हो	(CY=0)
RZ	RET यदि शून्य फ्लैग सेट हो	(Z=1)
RNZ	RET यदि शून्य फ्लैग रिसेट हो	(Z=0)

RM	RET यदि चिन्ह फ्लैग सेट हो	(S = 1, ऋणात्मक संख्या)
RP	RET यदि चिह्न फ्लैग रिसेट हो	(S= 0, सकारात्मक संख्या)
RPE	RET यदि पैरिटी फ्लैग सेट हो	(P = 1, सम संख्या)
RPO	RET यदि पैरिटी फ्लैग रिसेट हो	(P = 0, विषम संख्या)

चित्र (4.7) SIM निर्देश

जैसा कि चित्र 4.7 मे दिखाया गया है यह ACC बिट के समान 8 बिट को MASK करता है। इसलिये आवश्यक यह होता है कि SIM निर्देश को सम्पादित करने से पहले ACC को सेट किया जाना चाहिये। यदि ACC मे तुल्य MASK बिट 1 है तो MASK सेट होता है नहीं तो रीसेट (Reset) होती है।



MASK का सेट तथा रीसेट होना (चित्र 4.7 में तीसरी बिट) के 1 होने पर होता है। इसका मतलब यह हुआ कि यदि हमे दो निर्देशों की परीक्षा करनी पड़े तो (चित्र 4.9) MASK का सेट और रीसेट होना आवश्यक है यदि MASK सेट है तो रुकावट (interrupt) को पहचाना (recognize) गया है। यदि रीसेट है तो रूकावट को पहचाना (recognize) नहीं गया है।

4.9 रीड रूकावट निर्देश (Read Interrupt Instruction)

हर माइक्रोप्रोसेसर, MASK को संतुलन प्रदान करता है और इसी के साथ यह एक निर्देश प्रदान करता है जिसकी सहायता से इन MASK को पढ़ा जा सकता है। 8085 में RIM निर्देश जब उपयोग में आता है तो ACC चित्र (4.8) के अनुसार स्थापित हो जाता है ।

इस तरह की उपयोगिता माइक्रोप्रोसेसर पर काम करने वालों को होती है जो RIM निर्देशों को पढकर उन्हें आगे कैसे करना है इसका निर्धारण करते है। वर्तमान में वेक्टर निर्देशित रूकावटों (interrupt) का अधिक उपयोग होने की वजह से SIM तथा निर्देशों का कम इस्तेमाल होता है। क्योंकि वेक्टर रूकावट (Vector interrupt) में हम सीधे ही उस मेमोरी जगह को प्रभावित कर देते हैं।



चित्र (4.8) RIM निर्देश



चित्र (4. 9) दो निर्देशों की परीक्षा के लिए प्रोग्राम

5. एड्रेस और डाटा स्थानांतरण का वर्गीकरण

5.1 परिचय (Introduction)

एक माइक्रोप्रोसेसर या तो मेमोरी या फिर इनपुट / आउटपुट के साथ अन्तरमुख (Interface) होता है। जब मेमोरी के साथ अन्तरमुख (Interface) होता है। तो इसका उपयोग डाटा को रखने में या फिर पढ़ने में होता है। जब माइक्रोप्रोसेसर, इनपुट / आउटपुट के साथ अन्तरमुख (Interface) होता है तो वातावरण के साथ व्यवहार करता है। अगर दूसरी तरफ से देखा जाये तो माइक्रोप्रोसेसर से डाटा का अन्तरण मेमोरी में या फिर इनपुट / आउटपुट के साथ होता है। माइक्रोप्रोसेसर के साथ डाटा का अन्तरण समय पर निर्भर करता है यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि डाटा किस खाके (Format) में अन्तरित हुआ है । जब दो युक्तियां अन्तरमुखी (Interfaced) होती हैं तो उनके विद्युत अभिलाक्षणिक के बारे में भी जानना जरूरी होता हैं।

अन्तरमुख में समय का यह अन्तर धीमी गति की मेमोरी अथवा इनपुट/आउटपुट युक्तियों के कारण होता है। डाटा अन्तरण के खाके (Format) पर भी यह विभिन्नता दिखाई देती है। जैसे एनॉलाग तंत्र (Analog System) में डाटा एक क्रम में वितरीत होता है वही माइक्रोप्रोसेसर में यह समानान्तर क्रम में लिया जाता है। जो कि स्त्रोत से एक प्रकार की विभिन्नता उत्पन्न करते हैं।

5.2 एड्रेस जगहों खाने (Address Space Partitioning)

एड्रेस जगहों से तात्पर्य, एड्रेसो के सेट से होता है । माइक्रोप्रोसेसर के द्वारा आये एड्रेस अथवा इनपुट / आउटपुट युक्तियाँ द्वारा आये एड्रेस को रखने के लिये मेमोरी चिप में जगह

बाँटी जाती है। जैसा कि हम जानते हैं कि इनपुट/आउटपुट की एड्रेसिंग (Addressing) दो तरह की योजनाओं के साथ की जाती है। पहली मेमो मेप्ड इनपुट / आउटपुट योजना तथा दूसरी इनपुट / आउटपुट मेप्ड इनपुट / आउटपुट योजना। अगर इन योजनाओं का इस्तेमाल किया जाना है तो यदि 64 K (K=1024) बाइट की जगह में मेमोरी मेप्ड इनपुट / आउटपुट योजना के तहत हमे EPROMRAM तथा I/O के लिये जगह छोड़नी पड़ेगी जैसा चित्र (5.1) में दर्शाया गया है

FFFF

8K	I/O
48K	RAM
8K	EPROM

0000

चित्र (5.1) - 64 K एड्रेस जगह

(मेमोरी मेप्ड I/O योजना के तत्व)

इसी तरह I/O मेप्ड I/O योजना के तहत माइक्रोप्रोसेसर दो तरह की सुविधा प्रदान करता है एक तो सीधे एड्रेस को दिया जा सकता है या फिर एड्रेस को भेजा जा सकता है। जैसा कि चित्र (5.2) में दर्शाया गया है।



चित्र (5.2) - 64K एड्रेस जगह

(I/O मेपड I/O योजना के तहत)

5.3 मेमोरी अन्तरमुख (Memory Interfacing)

माइक्रोप्रोसेसर के साथ मेमोरी को अन्तरमुख (Memory Interfacing) करने के लिये हमें मेमोरी चिप को इस तरह चुनना पड़ता है कि उसकी माइक्रोप्रोसेसर के साथ विभिन्नता न हो। मेमोरी का माइक्रोप्रोसेसर के साथ अन्तरमुख (Interface) होने के लिये इसकी गति तथा इसके पढने की क्षमता माइक्रोप्रोसेसर की गति के साथ मिलनी चाहिये।

बस विवाद तथा 2- लाइन नियंत्रण (Bus Contention and 2-line Control)

चित्र (5.3) के अनुसार दो मेमोरी चिप पिन के आउटपुट एक ही तंत्र डाटा बस के साथ एक लाइन नियंत्रक OR-गेट के साथ जुड़ी है।

जब पहली चिप चुनी जाती है तो रीड प्रचालन के लिये CS लाइन निम्न स्तर पर होती है। और एक समय देरी (time delay) के पश्चात वापस सामान्य स्थिति में आ जाती है और माइक्रोप्रोसेसर के द्वारा डाटा पढ लिया जाता है इसके पश्चात पहली चिप का CS

लाइन उच्च स्तर पर चली जाती है। इसके पश्चात एड्रेस दूसरी चिप पर हस्तान्तरित होते है तथा दूसरी चिप का CS लाइन निम्न स्तर पर जाती है तथा ऊपर दी गई क्रिया दुबारा होती है।



चित्र (5.3) एक लाइन नियंत्रण

5.4 अधिक समय की गणना (Access Time Computation)

जब माइक्रोप्रोसेसर के साथ मेमोरी चिप अन्तरमुख (Interface) होती है तो अगर इनकी गति माइक्रोप्रोसेसर से समानता न रखे तो प्रचालन के दौरान एक समय देरी उत्पन्न होती है।

हम एक ब्लॉक चित्र (5.4)पर विचार करते है जहा पर समय देरी के कई स्तर मौजूद हैं।



चित्र (5.4) तंत्र जिसमें समय देरी के कई स्तर हों

जैसा कि चित्र (54) से स्पष्ट है कि 8085 से डाटा जब जाता है तो लगभग 600 μs के बाद लौटता है एड्रेस के प्रसारण के बाद। जब EPROM से डाटा निकलता है तो यहाँ समय देरी (access time) शून्य होता है और डाटा जब माइक्रोप्रोसेसर तक पहुँचता है तो यह समय देरी लगभग 550 Ls की हो जाती है इसके मध्य डाटा को आगे बढाने के लिये चालक लगे होते हैं जो लगभग 30 JIS का समय लेते हैं। यही कारण है कि READ तथा WRITE प्रचालन के दौरान माइक्रोप्रोसेसर HOLD अवस्था मे जाता है क्योंकि यह विभिन्नता को स्पष्ट करना जरूरी है। चित्र (5.4) में एकल पट्टा (Single Band) मे विभिन्नता अधिक होती है जबकि देरी इनमें ज्यादा इनमें ज्यादा होती है क्योंकि देरी उत्पन्न करने वाले स्तर ज्यादा होते हैं।

5.5 डाटा अन्तरण योजना (Data Transfer Scheme)

डाटा अन्तरण माइक्रोप्रोसेसर में तीन प्रकार से होता है :-

1. माइक्रोप्रोसेसर से मेमोरी
2. माइक्रोप्रोसेसर से इनपुट / आउटपुट युक्तियों में
3. मेमोरी से इनपुट / आउटपुट युक्तियों में

यहाँ प्रत्येक युक्तियों का काम डाटा को निश्चित समय में पाना या उसे एक निश्चित समय में भेजना होता है। इस प्रक्रिया के दौरान माइक्रोप्रोसेसर की विभिन्नता युक्तियों के साथ हो जाती है। उदाहरण के लिये मेमोरी तथा इनपुट / आउटपुट युक्तियों की गति माइक्रोप्रोसेसर की गति से धीमी हो सकती है। जब यह युक्तियां माइक्रोप्रोसेसर के साथ अन्तरमुख (Interface) होती हैं तो मेमोरी या युक्ति माइक्रोप्रोसेसर की गति से धीमी होती है और माइक्रोप्रोसेसर होल्ड (Hold) अवस्था मे जाता है और यदि मेमोरी तथा I/O युक्ति तेज गति की होती है तो इनसे आये डाटा को रोकने के यंत्र (buffer) में डाला जाता है जहाँ से डाटा माइक्रोप्रोसेसर के द्वारा बाद में इकट्ठा कर लिया जाता है।

5.5.1 वर्गीकरण (Classification)

माइक्रोप्रोसेसर तथा I/O युक्तियों के बीच डाटा का अन्तरणएक योजना के तहत किया जाता है जो निम्न है

1. प्रोग्राम डाटा अन्तरण (Programmed data transfer)

2. सीधे मेमोरी अधिक देरी अन्तरण (Direct Memory Access transfer)

5.5.2 प्रोग्राम डाटा अन्तरण (Programmed data transfer)

इसमें एक घरेलू मेमोरी रूटीन का उपयोग किया जाता है जो युक्ति को माइक्रोप्रोसेसर के किसी एक रजिस्टर्स से डाटा अन्तरण किया जाता है। इसका उपयोग बहुत कम डाटा के अन्तरण के लिये किया जाता है। इन्हें मुख्य रूप तीन भागों में बांटा जाता है :-

(1) एक साथ होने वाला अन्तरण (Synchronous transfer)
(2) एक साथ न होने वाला अन्तरण (Asynchronous transfer)
(3) रूकावट के द्वारा चलाया गया अन्तरण (Interrupt driven transfer)

(1) एक साथ होने वाला अन्तरण (Synchronous transfer)

किसी भी डाटा अन्तरण योजना कि यह सबसे सरल विधि है। यह अन्तरण तभी संभव है जब माइक्रोप्रोसेसर तथा 10 युक्ति की (Speed) समान हो।

जब किसी युक्ति से या युक्ति (device) को डाटा अन्तरण किया है तो उपयोग करने वाले प्रोग्राम में एक अनुरूप निदेश युक्ति दी जाती है।उदाहरण के लिये MOV तथा OUT इत्यादि का उपयोग एक साथ होने वाले अन्तरण में किए जाता है।

यह अन्तरण निम्न पदों में सम्पादित होता है।

युक्ति को तैयार रहने की प्रार्थना

और जब तक युक्ति तैयार होती है कोई और कार्य करना

इनपुट / आऊटपुट निर्देश उत्पन्न करना

(2) एक साथ न होने वाला अन्तरण (Asynchronous transfer)

इस तरह का अन्तरण उस समय उपयोग में लाया जाता है जब माइक्रोप्रोसेसर तथा इनपुट / आऊटपुट युक्ति की चाल Speed एक दूसरे के साथ नहीं मिलती है। इस योजना के तहत माइक्रोप्रोसेसर एक निर्देश देता है और तब तक इंतजार करता है जब तक युक्तियां तैयार न हो जाये। इसके पश्चात वह डाटा अंतरण निर्देश देता है।

यह योजना काम कर रही है या नहीं इसके लिये युक्तियों (device) से एक संकेत उत्पन्न किया जाता है जिसका परीक्षण माइक्रोप्रोसेसर के द्वारा किया जाता है जो यह सुनिश्चित करता है कि युक्तियाँ तैयार है अथवा नहीं।

यह अन्तरण निम्न पदों में सम्पादित होता है

युक्तियो का तैयार रहने की प्रार्थना

युक्तियाँ तैयार है अथवा नहीं इस पर निर्णय करना

यदि तैयार हैं तो डाटा अन्तरण निर्देश देना और यदि नहीं तो वापस जाना युक्तियों के तैयार होने की स्थिति देखना

3. रूकावट के द्वारा चलाया गया अन्तरण (Interrupt driven transfer)

इस योजना का उपयोग उन 10 युक्तियों के साथ किया जाता है जो इस संबंध में काफी धीमी हो उदाहरण के लिये प्रिंटर या A/D परिवर्तक (Analog and Digital Convertor)

उदाहरण के लिये यदि हमें एक एनालॉग (Analog) वोल्टेज को डिजिटल वोल्टेज में परिवर्तित करना है तो सर्वप्रथम 10 युक्तियाँ आरंभ होती है माइक्रोप्रोसेसर अपन मुख्य प्रोग्राम के निर्देशों को सम्पादित करता है। इस दौरान प्रोसेसर बलपूर्वक एक प्रधान इनपुट लाइन में डाला जाता है जिसे रूकावट लाइन (Interrupt line) कहते हैं यह लाइन अपनी उच्च अवस्था में होती है। इससे माइक्रोप्रोसेसर अपने सामान्य प्रचालन से हट जाता है और एक विशिष्ट मेमोरी जगह में चला जाता है और जो अगला निर्देश सम्पादित होता है वह प्रोग्राम काउन्टर (Program Counter) में सुरक्षित हो जाता है।

8085 में पाँच रूकावट लाइन (Interrupt line) होती है। ये क्रमशः 7. 5,6.5, 5.5 तथा TRAP हैं। इनमें से कोई भी रूकावट बुलाई जाती है माइक्रोप्रोसेसर उस सबरूटीन (Subroutine) में कूद (Jump) जाता है जो एक स्थिर मेमोरी जगहों में होता है। यदि सिर्फ रूकावट मांगी जाती है तो किसी भी मेमोरी जगहों में चला जाता है।

5.6 सीधे मेमोरी अधिक देरी अन्तरण(Direct Memory Access transfer)

इससे पहले हमने देखा कि प्रोग्राम I/O तथा रूकावट I/O (Interrupt VO) डाटा अन्तरण (Transfer) में डाटा का अन्तरण माइक्रोप्रोसेसर से 10 युक्तियों के बीच होता है लेकिन कई ऐसे समय आते हैं जब डाटा का अन्तरण सीधे मेमोरी से वाहक युक्तियों के मध्य होता है और बहुत बडी मात्रा में डाटा का अन्तरण होता है । इस तरह का डाटा अन्तरण जो सीधे मेमोरी और I/O युक्तियों के मध्य हो सीधा मेमोरी मार्ग डाटा अन्तरण (Direct Memory Access transfer) कहलाता है। इस विधि का उपयोग करने से डाटा अन्तरण में काफी कम समय लगता है। (लगभग 1 माइक्रो सेकंड)

क्योंकि DMA, डाटा का अन्तरण मेमोरी से वाहक युक्तियों के बीच करती है अतः यह एक चिप होती है जो माइक्रोप्रोसेसर की तरह READ तथा WRITE प्रचालन को करती है।

एक निम्न पदों पर कार्य करता है :-

इनपुट युक्ति को निर्देशित करना

यह सुनिश्चित करना कि इनपुट युक्ति तैयार है कि नहीं यदि युक्ति तैयार नहीं है तो HALT अवस्था में जाना तथा वहाँ तब तक रहना जब तक कार्य करने वाला उसे START करे।

यदि इनपुट युक्ति तैयार है तो यह बताना कि युक्ति व्यस्त है अगर यह व्यस्त है तो तब तक चक्र में जाना जब वह मुक्त न हो जायें

यदि इनपुट युक्ति व्यस्त नहीं है तो एक READ आदेश युक्ति का जिसमें मेमोरी एड्रेस भेजना शुरू करें तथा साथ ही कितनी बाइट संख्या अन्तरण होना है यह भी बतायें।

इसके बाद प्रोग्राम के अन्य निर्देशों को सम्पादित करें।

DMA चिप माइक्रोप्रोसेसर को HOLD अवस्था में रखती है इस माइक्रोप्रोसेसर प्रोग्राम को सम्पादित करना बंद कर देता है और एड्रेस डाटा मेमोरी नियंत्रक लाइने उच्च अवरोध की अवस्था (High impedance state) में जाती है।

जैसे ही DMA चिप पर DMA स्वीकार होता है माइक्रोप्रोसेसर दूर तब RAM एड्रेस बस पर चला जाता है तथा नियंत्रक संकेत, नियंत्रक बस पर जाते है और इस तरह RAM तथा I/O युक्ति के मध्य डाटा अन्तरण होता है। तत्पश्चात् माइक्रोप्रोसेसर से HOLD अवस्था हटा ली जाती है।

माइक्रोप्रोसेसर के साथ दो प्रकार के DMA उपयोग में लाये जाते है जो निम्न है :-

(i) HALT DMA

(ii) इन्टरलीव DMA (Interleave DMA)

(i) HALT DMA

जैसा कि हम जानते हैं कि मेमोरी से I/O युक्तियों में डाटा के अन्तरण के समय माइक्रोप्रोसेसर HALT अवस्था में रहता है जब तक अन्तरण पूरी तरह पूरा नही हो जाता है। इस तरह के डाटा अन्तरण में दो प्रकार की विधियों इस्तेमाल में लाई जाती हैं।

(a) ब्लॉक अन्तरम DMA (Block Transfer DMA)

(b) चक्र चोरी कर्म DMA (Cycle Stealing DMA)

(a) ब्लॉक अन्तरण DMA (Block Transfer DMA)

इस तरह के अन्तरण में घेरे की युक्तियों (Peripheral device) DMA के लिये उसकी REQUEST LINE पर प्रार्थना (Request) करती है जो सीधे DMA चिप द्वारा माइक्रोप्रोसेसर से जुड जाता है। इसके पश्चात् माइक्रोप्रोसेसर वर्तमान निर्देश को सम्पादित करने के बाद HOLD संकेत भेजता है तथा DMA इसके बदले में DMA स्वीकार संकेत भेजती है। इस तरह DMA अन्तरण सम्पादित होता है।

(b) चक्र चोरी कर्म DMA (Cycle Stealing DMA)

इसमें DMA एक बाइट डाटा को मेमोरी तथा घेरे की युक्तियों (Peripheral device) के बीच अन्तरित करता है। इसमें DMA माइक्रोप्रोसेसर की एक क्लॉक चक्र को चुरा लेता है इसीलिये इसे चक्र चोरी क्रम DMA (Cycle Stealing DMA) कहते हैं। जैसा कि हम जानते हैं कि माइक्रोप्रोसेसर वाहन क्लॉक पल्स से चलाया जाता है तो इसे कुछ समय के लिये आसानी से रोका जा सकता है जब तक कि माइक्रोप्रोसेसर को क्लॉक पल्स न दी जाये।

(ii) इन्टरलीव DMA (Inter leave DMA)

यह काफी कठिन विधि है क्योंकि इसमें नियंत्रक माइक्रोप्रोसेसर की तंत्र बस (System bus) का इस्तेमाल करता है। इसका उपयोग उसी समय करता है जबकि माइक्रोप्रोसेसर तंत्र बस का इस्तेमाल न कर रहा हो माइक्रोप्रोसेसर जब आन्तरिक प्रचालन में व्यस्त रहता है तो वह अपनी तंत्र बस (System bus) का इस्तेमाल नहीं करता है और यही वह समय होता है जब DMA नियंत्रक इसका इस्तेमाल करता है।

5.7 अपवत्य सीधा मेमोरी मार्ग युक्ति (Multiple DMA device)

अभी तक हमने देखा कि सिर्फ एक युक्ति ही माइक्रोप्रोसेसर के साथ अन्तरमुख (Interface) होती है परन्तु देखा यह जाता है कि ऐसी कई युक्तियाँ माइक्रोप्रोसेसर अन्तरमुख होती हैं और इनमें से सिर्फ एक की प्रार्थना स्वीकार की जाती है। इसलिये यहाँ एक पीरियोरिटी (Priority) हल करने की यंत्र रचना (Mechanism) होती है जो केवल एक प्रार्थना को माइक्रोप्रोसेसर तक पहुंचाती है। सभी माइक्रोप्रोसेसर में यह सुविधा नहीं होती है। परन्तु अब यह विधि प्रभावपूर्ण रूप से अपनाई जाती है।

5.8 8085 तंत्र में पद DMA डाटा अन्तरण (DMA data transfer पद 8085 based System)

8085 चिप मे दो लाइन होती है जो DMA प्रचालन करती है।

a. HOLD LINE

b. HLDA LINE

जैसा कि हम देख चुके हैं कि HOLD लाइन DMA प्रार्थना के लिये उपयोग में लाई जाती है। और HLDA लाइन इस प्रार्थना की स्वीकारोक्ति होती है।

5.9 क्रमानुसार डाटा अन्तरण (Serially data transfer)

अभी तक हमने देखा कि युक्तियों में डाटा का अन्तरण एक बाइट या शब्द के द्वारा होता है, और यह अन्तरण समानान्तर क्रम में होता है। यदि कई क् जुडी हो और सभी समानान्तर क्रम में जुडी हो तो इस तरह के अन्तरण में का कार्य कठनाई होती है। यह असुविधाजनक होने के साथ-साथ काफी खर्चीला भी हो जा है। इसको दूर करने के लिये क्रमानुसार या एक के बाद एक डाटा भेजने का क कियाजाता है। इतनें डाटा एक बिट के बाद एक बिट भेजी जाती है। इससे का जमाव काफी कम होता है तथा लाइन चालक तथा प्राप्तकर्ता यदि उपयोग में ल गये है तो उनमें कमी आती है।

8085, SID (क्रमानुसार इनपुट डाटा) तथा SOD (क्रमानुसार आऊट डाटा) को स्वीकार करता है। एक निश्चित डाटा अन्तरण एक सॉटवेयर के माध्यम होता है जिसमें RIM तथा SIM निर्देश उपयोग में लाये जाते हैं। यह दोनो ही एक बाइट निर्देश है और जैसा कि हम देख चुके है कि इनका उपयोग READ MASK को सेट तथा रीसेट करने के लिये किया जाता है।

SIM निर्देश डाटा को SID में बलपूर्वक ले जाता है और इसमें ACC की MSB, 1 होती है। SIM निर्देश, SOD लाइन के लिये होती है जब डाटा बाहर जाता है तो इस समय ACC की MSB तथा 6 बिट 1 पर सेट होती है। इस तरह डाटा का क्रमानुसार अन्तरण होता है।

6. 8255 कोड और 8259 DMA IC

6.1 इनपुट / आऊटपुट पोर्ट (Input/Output Port)

यह एक ऐसी जगह होती है जहाँ से डाटा को चढाया (loading) तथा उतारा (Unloading) जाता है। दूसरे शब्दों में माइक्रोप्रोसेसर से डाटा को घेरे की युक्तिया (Peripheral) में जाना था यहाँ से माइक्रोप्रोसेसर में आना। पोर्ट एक ऐसी जगह होती है जहाँ माइक्रोप्रोसेसर तथा घेरे की युक्ति (Peripheral) से आये डाटा को अस्थाई रूप से रखा जाता है और फिर यहाँ से वाहन युक्तियों तथा माइक्रोप्रोसेसर में भेजा जाता है। इसे चित्र (6.1) द्वारा आसानी से समझाया जा सकता है। एक I/O पोर्ट मे डाटा अन्तरण की कई लाइने होती हैं तथा इनमें कुछ नियंत्रक लाइन भी होती हैं।



चित्र (6.1) इनपुट / आऊटपुट पोर्ट

6.2 प्रोग्राम सहित I/O पोर्ट (Programmable I/O Port)

इस व्यवस्था में पोर्ट का इनपुट / आऊटपुट निर्देशों के द्वारा प्रोग्राम किया जाता है। यह निर्देश IN OUT होते हैं।

सामान्यतः पार्ट को निम्न एक या एक से अधिक गुणा के आधार पर प्रोग्राम किया जा सकता है :

1. सरल इनपुट और आऊटपुट विधि
2. स्ट्रोब इनपुट और आऊटपुट विधि
3. नियंत्रण विधि

सरल इनपुट और आऊटपुट विधि में इनपुट को इनपुट युक्ति तथा आऊटपुट को आऊटपुट युक्ति के द्वारा लेच (Latch) कर दिया जाता है। स्टेश इनपुट और आऊटपुट विधि में डाटा को पोर्ट पर लाने और ले जाने के लिए वाहक स्ट्रोब सिग्नल की आवश्यकता होती है। नियंत्रण विधि में अलग पिनों के द्वार दूसरे पोर्ट में डाटा अन्तरण को नियंत्रित किया जाता है।

6.3 प्रोग्राम के घेरे में अन्तरमुख: 8255 (Programmable Peripheral Interface: 8255)

8255 पोर्ट चित्र को चित्र (6.2) में दर्शाया गया है। इसमे तीन के A, B, C होते हैं जिसमे एड्रेस इनपुट होते है।



चित्र (6.2) 8255 पोर्ट

माइक्रोप्रोसेसर से 8255 में और 8255 से माइक्रोप्रोसेसर में डाटा का अन्तरण D0-D7 डाटा लाइनों के माध्यम से होता है। 8255 को प्रोग्राम करने लिए इसमें उपयोग में आने वाले पोर्ट को निम्न समूह मे उपयोग में लाते है।

समूह A- पोर्ट A तथा पोर्ट C की अधिकतम अर्थपूर्ण (Most Significant) चार बिट

समूह B- पोर्ट B तथा पोर्ट C की न्यूनतम अर्थपूर्ण (Least Significant) चार बिट

इस चिप में A0 तथा A1 दो इनपुट संकेत उपयोग में लाये जाते हैं जो इस बात का निर्धारण करते हैं कि किस पोर्ट से डाटा का अन्तरण होना है। यदि A0 = 0, A1 = 0 हो तो पोर्ट A से डाटा पढ़ा जाता है तथा इसी पोर्ट में डाटा को लिखा भी जा सकता है। यदि A0 = 0, A1 = 1 है पोर्ट B में पढ़ा और लिखा जा सकता है। यदि A0 = 1, A1 = 0 हो तो पोर्ट C पर डाटा पढ़ा और लिखा जा सकता है। पोर्ट चिप 8255 में कार्य करने की तीन प्रचालित विधियाँ हैं :

(i) विधि शून्य (Mode 0)

(ii) विधि एक (Mode 1)

(iii) विधि दो (Mode 2)

विधि शून्य (Mode 0)

यह एक सरल इनपुट / आऊटपुट विधि है इसमें पोर्ट A, B, C के ऊपरी भागों तथा पोर्ट C से निचले भाग का इस्तेमाल किया जाता है। दूसरे शब्दों में इसमें पोर्ट A, B. C की ऊपरी चार अधिकतम अर्थपूर्ण बिट (Most Significant) तथा पोर्ट C की चार न्यूनतम अर्थपूर्ण (Least Significant) बिट का उपयोग किया जाता है।

विधि 0 (Mode 0) में डाटा के पढ़ने और लिखने में किसी बाह्य नियंत्रण संकेत (Control Signal) की आवश्यकता नहीं होती है। इस विधि का इस्तेमाल करने में महत्वपूर्ण बात यह है कि जब एक पोर्ट, आऊटपुट पोर्ट की तरह काम करता है तो जो डाटा इस पोर्ट में लिखा जाना है वह लेच (Latch) हो जाता है और यदि यह पोर्ट इनपुट की तरह काम करता है तो जो डाटा लिखा जाना है यह लैच (Latch) न होकर बफर (Buffer) में चला जाता है।

विधि एक (Mode 1)

इसे स्ट्रोब इनपुट / आऊटपुट मोड भी कहते है। इस विधि में केवल पोर्ट A तथा B को ही प्रोग्राम किया जाता है। इसके लिये कुछ नियंत्रण संकेतो की आवश्यकता पड़ती है ।

यदि पोर्ट A इनपुट की तरह इस्तेमाल होता है तो पोर्ट C की तीसरी से पांचवी पिन (PC3-PC5) नियंत्रण संकेतों की तरह कार्य करती है। यदि पोर्ट B इनपुट की तरह इस्तेमाल होता है तो पोर्ट C की शून्य से दूसरी पिन (PC0-PC2) नियंत्रण संकेतों की तरह कार्य करती है तथा छठवी पिन का उपयोग नहीं किया जाता है।

जब पोर्ट A का इस्तेमाल आऊटपुट की तरह किया जाता है तो C की तीसरी छटवीं तथा सातवी पिने नियंत्रण संकेत का कार्य करती है। पार्ट B के लिये शून्य पहली तथा दूसरी पिनें नियंत्रण संकेत का कार्य करती

विधि दो (Mode 2)

इस विधि में सिर्फ पोर्ट A का इस्तेमाल किया जाता है तथा के तीसरी पिन से लेकर सातवीं पिन (PC3-PC7) नियंत्रण संकेतो का कार्य करत है। इस विधि में पोर्ट A किसी घेरे की युक्ति (Peripheral device) के लिये भेजा जाता है तथा इसे ग्रहण भी करता है। इसमें स्ट्रोब संकेत (STB) होता है जो एक द्वारा डाटा को स्ट्रोब किया जाता है।

सेट / रीसेट लक्षण (Set / Reset Feature)

इस लक्षण की मदद से माइक्रोप्रोसेसर की सहायता से पोर्ट C की किसी भी बिट को नियंत्रित किया जा सकता है। दूसरे शब्दों में पोर्ट C की 8 बिट मे से किसी एक बिट को सेट तथा रीसेट किया जा सकता है। यह 8255 को आऊटपुट पिन होती है।

उदाहरण के लिये यदि 8 बिट मे 8 लाइट उत्सर्जक डायोड लगे हो तो चयनानुसार उन्हें ON या OFF किया जा सकता है।

6.4 8255 को प्रोग्राम करना (Programming the 8255)

माइक्रोप्रोसेसर के द्वारा एक नियंत्रक बाइट को लिखकर 8255 का प्रोग्राम किया जाता है। जब 8255 के A0 तथा A1 संकेत उच्च स्तर पर होते हैं। यह 8255 के लिखने प्रचालन के लिए होता है और इससे 8255 के नियंत्रक जिस्टर को निर्देशित करते हैं।

इस तरह 8255 को रीसेट (Reset) किया जा सकता है जब इस पर चिप रीसेट (Reset) लाइन उच्च स्तर पर हो और यह पॉवर चालू होने से लगभग $50\mu s$ तक हो।

इस समय सभी पोर्ट विधि 0 पर सेट होते हैं। चित्र (6.3) में नियंत्रक का फार्मा (Format) दर्शाया गया है।



चित्र (6.3) विधि नियंत्रक शब्द का खाका

चित्रानुसार निम्न अर्थपूर्ण (Least Significant) तीन बिट समूह B पर आधारित पोर्ट की विधि को बताते हैं। बिट D3 -D6 समूह A के पोर्ट की विधि को बताते है। D7 बिट 1 या उच्च स्तर पर होनी चाहिये जो 8255 को यह दर्शाती है कि ये विधि नियंत्रक शब्द है। इस तरह I/O की एड्रेस को देने के लिए I/O मैप्ड I/O योजना का इस्तेमाल किया जाता है।

6.5 8255 के समय प्रचालन (Timing Operation of 8255)

8255 की मदद से चार तरह के डाटा अन्तरण सम्भव होते हैं और 8255 के प्रचालन में इन्हीं के समय की आवश्यकता होती है।

1. माइक्रोप्रोसेसर से 8255 में पढ़ने तथा लिखने के लिये प्रचालन

2. विधि शून्य (Mode 0) अन्तरण

3. विधि शून्य (Mode 0) अन्तरण

4. विधि दो (Mode 2) अन्तरण

माइक्रोप्रोसेसर तथा 8255 के मध्य डाटा का अन्तरण होने के लिये READ तथा WRITE दो प्रचालन तथा उनके समय पर ध्यान दिया जाता हैं। READ प्रचालन के लिये आवश्यक है कि सर्वप्रथम चिप इस प्रचालन के लिए तैयार हो जिसके लिये CS लाइन होती है और जब RD लाइन निम्न स्तर पर जाती है तब डाटा पर डाटा पढ लिया जाता है। ठीक इसी तरह WR लाइन होती है तब डाटा, डाटा पर लिख दिया जाता है।

विधि शून्य (Mode 0) में डाटा का अन्तरण दो प्रकार से किया जाता है। पहला जब डाटा घेरे की युक्ति (Peripheral device) से पोर्ट में जाता है। यह IN निर्देश को सम्पादित करने से पूर्ण होता है। डाटा का अन्तरण RD लाइन के निम्न स्तर पर जाने के साथ ही शुरू हो जाता है और जब RD लाइन उच्च स्तर की ओर जाती है तो डाटा त्रि अवस्था (Tristate) में एक समय देरी के बाद चला जाता है। पर विधि शून्य (Mode 0) में एक READ प्रचालन की तरह है। दूसरा अन्तरण पोर्ट से घेरे की युक्ति (Peripheral device) में किया जाता है। चिप की WR लाइन इस डाटा अन्तरण को नियंत्रित करती है तथा जब WR उच्च स्तर पर जाती है तो अधिकतम समय देरी के पश्चात डाटा पोर्ट में मौजूद हो जाता है।

विधि 1 (Mode 1) के अनुसार भी डाटा का अन्तरण दो प्रकारों से किया जाता है। जैसा कि हम जानते हैं कि इस विधि में स्ट्रोब लाइन का इस्तेमाल किया जाता है। जब पोर्ट A के लिये C पोर्ट की चौथी बिट निम्न स्तर पर होती है। तब इनपुट पर स्ट्रोब संकेत STB होता है तथा डाटा का अन्तरण होता है। यहाँ होता । यह है कि जब इनपुट युक्ति

स्ट्रोब पर क्रिया करती है तो बाह्य परिपथ को निर्देशित करती है जो पोर्ट A के लिये C पोर्ट की पांचवी बिट जो इनपुट बफर फुल (IBF. Input buffer full) को सेट किये जाने से होती है। अर्थात इसका स्तर उच्च होता है। इसमें माइक्रोप्रोसेसर की INTR (Interrupt) लाइन का उपयोग होता है और जब यह लाइन उच्च स्तर पर जाती है तो डाटा पढ (Read) लिया जाता है। आऊटपुट डाटा अन्तरण में माइक्रोप्रोसेसर एक बाइट को लिखता है और जब डाटा लिख लिया जाता है तो WR लाइन उच्च स्तर पर होती है OBF (Output buffer full) निम्न स्तर पर चला जाता है।

विधि 2 (Mode 2) में पोर्ट A द्वि दिग्दर्शक बस को बताती है, जब यह 2 के लिये प्रोग्राम की जाती है। इस विधि का इस्तेमाल करके डाटा का अन्त माइक्रोप्रोसेसर से I/O युक्तियों में तथा I/O युक्तियों से माइक्रोप्रोसेसर में दोनो तरफ किया जाता है।

6.6 प्रोग्राम रूकावट नियंत्रक 8259 (Programmable Interrupt Controller: 8259)

जब रूकावट द्वारा चलाये गये डाटा अन्तरण का प्रयोग करके I/O युक्ति माइक्रोप्रोसेसर के साथ अन्तरमुख होती है तो चुनाव योजना या वेक्टर रूकावट योजना(Vectored Interrupt Scheme) का इस्तेमाल किया जाता है।



चित्र (6.4) प्रोग्राम रुकावट नियंत्रक

जैसा कि चित्र (6.4) में दर्शाया गया है। 8259 के प्रचालन निम्न पदों में पूर्ण होता है :

1. 8259, I/O युक्ति से एक रूकावट संकेत (Interrupt) प्राप्त करता है तथा इसकी पिरीयोरिटी (Periority) तथा मास्क (Mask) को परीक्षण करने के पश्चात माइक्रोप्रोसेसर को रोक (Interrupt) देता है ।

2. रूकावट (Interrupt) को प्राप्त करने के बाद माइक्रोप्रोसेसर प्रोग्राम रूकावट नियंत्रक के माध्यम से इसे स्वीकार करता है।

3. स्वीकृति संकेत के पश्चात, प्रोग्राम रूकावट नियंत्रक तीन बाइट का CALL निर्देश भेजता है।

4. इस समय IR इनपुट 100 us के ऋणात्मक पल्स द्वारा चलाये जा सकते है।

5. रुकावट की स्वीकृति संकेत पाने के पश्चात इससे संबंधित ISR (Interrupt Subroutine) बिट अपनी निम्नतम पिरीयोरिटी पर सेट होती है।

6. (Interrupt Service Subroutine) रूकावट आदेश के अंत होने की सूचना भेजती है।

7. 8259 को रूकावट खत्म होने की सूचना OUT निर्देश के सम्पादित होने साथ भेजी जाती है।

8. यहाँ ACC के पंक्ति को एक विशेष तरीके से प्रोग्राम किया जाता है।

9. रूकावट की स्वीकृति पल्स को पाने के बाद 8259 CALL निर्देश की पहली बाइट डाटा बस को भेजता है ।

10. इसी तरह माइक्रोप्रोसेसर को भेजी जाने वाली अगली दो INTA पल्स की ट बाइट और भेज दी जाती है।

इस तरह INTR (Interrupt request) को प्राप्त करने के बाद 80 INTR (Interrupt request) चक्र में प्रवेश कर जाता है और यदि वहाँ CALL प्रचालन कोड प्राप्त करता है तो INTA की दो और चक्रों को सम्पादित करता है।

6.7 8259 की प्रोग्रामिंग (Programming the 8259)

8259 को सर्वप्रथम शुरू करने के लिये ICW (Initialization Command Word) का इस्तेमाल किया जाता है। इसकी प्राथमिकता (Initialization) के समय ISS (Interrupt Service Subroutine) के एड्रेस को प्रत्येक युक्ति के लिये पूर्व में ही ले लिया जाता है। ये एड्रेस एक दूसरे से 4 से 8 बाइट की दूरी पर हो सकते हैं। और 64 K के मेमोरी जगह इस्तेमाल में लाई जा सकती है।

8259 के A0 इनपुट का उपयोग RD तथा WR इनपुट के साथ प्रोग्रामिंग के लिये किया जाता है। जैसे ही 8259 की प्राथमिकता सेट होती हैं। इसके बाद 8259 Fully

nested Periority में चला जाता है जहाँ सारे इनपुट पेरिटी क्रम 0 से 7 में सेंट हो जाते है। दूसरी पेरिटी भी सेट की जाती है परन्तु उसके लिये OCW (Other Command Word) भेजे जाते हैं।

दूसरी विधि में 8259 को प्रोग्राम किया जाये तो यह विधि घुमावदार पिरियोरिटी कहलाती है। यह दो प्रकार की होती है :

1. **स्वतः घुमाव (Auto Rotate)**
2. **विशिष्ट घुमाव(Specific Rotate)**



चित्र (6.6) घुमाव विधि EOI आज्ञा के बाद

जैसा कि चित्र (6.6) में दर्शाया गया है कि घुमाव करने से पहले एक शब्द तथा उससे संबंधित पीरियोरिटी (Periority) चित्रानुसार सेट है पीरियोरिटी 7 पर सेट है तथा शब्द मे 2 तथा 7 बिट का उपयोग होना है। EOI आज्ञा के बाद 2 विट का उपयोग हो चुका होता है और यह निम्न स्तर पर चली जाती है तथा पीरियोरिटी (Periority) की निम्न अवस्था 7 पर आ जाती है जो युक्ति 1 के लिये कार्य करती है। कोई अन्य युक्ति कार्य नही करती है जब तक आज्ञा सम्पादित नहीं होती है ।

6.8 कई 8259 को जोडना (Cascading of 8259s)

लगभग आठ 8259 एक दूसरे के साथ जोड़ा जा सकता है जो एक Master के साथ Slave इकाई की तरह कार्य करते हैं और इस तरह 64 I/O युक्तियों 8259 की रुकावट चालक विधि द्वारा माइक्रोप्रोसेसर से जोड़े जा सकते है। चित्र (6.7) मे प्रदर्शित है दो 8259 चिप जिनमें से एक Master तथा दूसरा Slave की तरह कार्य करता है । इस तरह 15 I/0 युक्तियों 8085 के साथ अन्तरमुख (Interface) होती है।



चित्र (6.7)

जैसा चित्र (6.7) में दर्शाया गया है कि SLAVE का INT, आऊट IR, इनपुट के साथ जुडा हुआ है। अब बची हुई सात विधि (IR0 - IR6) होती है क्रिया का क्रम MASTER चिप द्वारा लिया जायेगा ।

यदि 7 से 14 दिन SLAVE के इनपुट interrupt होते है तो SLAVE द्वारा रुकावट (Interrupt) माइक्रोप्रोसेसर को दी जाती है बशर्ते कोई उच्च Periority बची न हों। जब INTA संकेत प्राप्त होता है तो MASTER, CALL निर्देश की पहली बाइट भेजता है । इसके बाद SLAVE शक्तियुक्त होता है तथा एक निर्देश को उत्पन्न करता है जो CAS लाइनो पर दिये जाते है। और इस तरह SLAVE, CALL निर्देश की अगली दो बाइट सीधे माइक्रोप्रोसेसर को भेजता है उसकी अगली INTA पल्स के लिये।

6.9 प्रोग्राम किया हुआ DMA नियंत्रक 8257 (Programmable DMA Controller: 8257)

जैसा कि पूर्व में हमने देखा कि वे I/O युक्तियां जिनको DMA प्रार्थना (Request) दी जाती है ये बसों (Buses) पर अपना नियंत्रण प्राप्त करती है इसका मतलब यह हुआ कि I/O युक्तियों के अपने खुद के रजिस्टर्स होते हैं मेमोरी निर्देशों को रखते हैं और इसके साथ ही डाटा अन्तरण के दौरान बाइट गिनते है।

3257 को इस तरह बनाया जाता है कि ये वार I/O युक्तियों के साथ अन्तरमुख (Interface) हो सके 8257 की अपनी चार चैनल होती हैं और प्रत्येक चैनल के 16 बिट रजिस्टर्स होते है इन 16 बिट रजिस्टर्स में से 14 बिट दूसरे रजिस्टर को रोक (hold) करके रखते है जहाँ मेमोरी तथा घेरे की युक्तियों के (Peripheral devices) मध्य कुल बाइट का अन्तरण होना है। रजिस्टर की दो उच्च अर्थपूर्ण(Most Significant) बिट इस बात के लिये सेट (Set) की जाती है कि युक्ति द्वारा चैनल पर क्या प्रचलन प्रचालित होना है।

इस तरह कुल 16384 (2^{14}) बाइट डाटा DMA नियंत्रण के तहत बिना माइक्रोप्रोसेसर के आये हुय सीधे अन्तरण हो सकते है।

6.10 8257 का प्रचालन (Operation of 8257)

जैसा कि चित्र (6.8) में स्पष्ट है कि 8257 चिप में कुल चार चेनल होते हैं जो DRQ0 से DRQ3 तक प्रदर्शित है। अगर कोई युक्ति DMA सेवा लेना चाहती है तो माइक्रोप्रोसेसर एक READ या एक WRITE प्रचालन को रखता है इसके पश्चात् यह प्रार्थना किसी एक DRQ लाइन में दे दी जाती है। 8257 इसको DACK लाइन पर निम्न संकेत भेज कर स्वीकार करता है।



8257 का प्रचालन (Operation of 8257)

8257 के प्रचालन को एक अवस्था परिवर्तन (Transition) द्वारा समझा जा सकता हैं। चित्र (6.9) स्पष्ट है कि जब 8257 चिप एक DMA प्रार्थना सुनने बाद SI अवस्था (Idlestate) से S0 अवस्था में जाती है। S1 अवस्था वह अवस्थ होती है जब माइक्रोप्रोसेसर RST रूकावट को जानने के बाद बस इडल (BI) अवस्थ में प्रवेश करता है। S0 अवस्था में माइक्रोप्रोसेसर को HRQ लाइन के माध्यम HOLD प्रार्थना (request) भेजी जाती है और यह इसी अवस्था में रहती है जब इसका स्वीकार संकेत (acknowledgement) प्राप्त नहीं होता है स्वीकार संकेत हो जाने के बाद उच्चतम Periority DACK लाइन के माध्यम से भेजी जाती है इसके पश्चात् 8257 S0 अवस्था में प्रवेश करता है। S2, S3, S4 अवस्थायें डाटा अन्तरण को नियंत्रित करती है। यह अवस्था माइक्रोप्रोसेसर की T1, T2, T3 अवस्थ के समान होती है। जहाँ डाटा READ तथा WRITE किया जाता है। मेमोरी एड्रेस एड्रेस तथा डाटा बस पर भेजा जाता है। एड्रेस की आठ अधिकतम अर्थपूर्ण बिट डाटा बस में भेजा जाता है जो बाह्य रूप से latch की जाती है जिसमे एड्रेस संकेत (ADSTB) का उपयोग किया जाता है।



6.11 समान इनपुट सहायक तंत्र (Analog input Subsystem)

इस तरह के सहायक तंत्र को डाटा लाभ तंत्र कहते हैं। यहाँ माइक्रोप्रोसेसर के द्वारा एक समान वोल्टेज को पढ़ने की आवश्यकता होती है और फिर इसे समतुल्य डिजिटल रूप में बदलना पड़ता है।

समान इनपुट बोर्ड :(SBC 711) (Analog Input Board: SBC 711)

यह एक अकेले बोर्ड की युक्ति है और यह लगभग 16 अनित्य को बदलता है जिसमे लगभग 8 अनित्य (Variables) को घटते क्रम में (Variables) बदलता है। इसको 8085 माइक्रोप्रोसेसर के साथ जोड़ा जा सकता है जो मेमोरी मे पड़ विधि में अन्तरमुख होता है इनपुट चेनल पर आने वाले समान इनपुट (Analog Input) को 12 बिट के डिजिटल (Digital) रूप में बदल सकता है।



चित्र (6.10) के अनुसार समान संकेतो (Analog Signals) की Jumper तारे की से सीधा बोर्ड में जोड़ा जाता है। SBC 711 में 16 मेमोरी जगह ह M+5 के रूप में लिखा जाता है (Table- 1)A यह चिप एड्रेस की जाती है INHI तथा

INH2, RAM तथा ROM के लिये संकेत उत्पन्न करती है। समयकाल (Time duration) निश्चित होते हैं (लगभग 0.05 1s 1.5 ms) इस चिप एक अन्तरण स्वीकार संकेत (Transfer acknowledge Signal, XACK) होता है संकेतो की चौड़ाई को नियंत्रित करता है।

तालिका नंबर एक

एड्रेस	आदेश	फलन
M+0	राइट	लोड आदेश रजिस्टर
M+0	रीड	रीड अवस्था रजिस्टर
M+1	राइट	लोड मल्टीप्लेक्सर एड्रेस
M+1	रीड	रीड मल्टीप्लेक्सर एड्रेस
M+2	राइट	अंतिम चैनल को लोड करना
M+3	राइट	रुकावट को हटाना
M+4	रीड	ADC की निम्न बाइट को पढ़ना
M+5	रीड	ADC की उच्च बाइट को पढ़ना

ABC इनपुट संकेत वोल्टेज के निर्भरता वाली वोल्टेज पंक्ति में स रखी जाती है। इसके लिये एक उपयोग लाभ मान (gain value) रखी जाती है। जिस परिवर्तन के समय सभी मान एक क्रम में हो। इस चित्र (6.11) के द्वारा समझा सकता है।



जैसा कि चित्र (6.11) से स्पष्ट है कि एक शब्द मे प्रथम पाँच या निम्न क्रम की बिट चैनल का चुनाव करती है जो 1 से लेकर 32 तक कुछ भी हो सकती है। इसके पश्चात् 6 तथा 7 बिट लाभ (gain) का निर्धारण करती है। यदि 7 तथा 6 बिट के क्रम 00, 01, 10, 11 है तो इस पर लाभ (gain) क्रमश: 1, 2, 4, 8 होगें।

परिवर्तन के प्रचालन की तीन विधियों होती हैं-

1. एकाएक उत्पन्न चैनल इनपुट (Random Channel Input)
2. एक के बाद एक चैनल इनपुट (Single repetitive Channel Input)
3. एक निश्चित क्रम में चैनल इनपुट (Sequential Channel Input)

प्रथम प्रकार के एकाएक उत्पन्न चैनल इनपुट में प्रोसेसर किसी भी चैनल का प्रयोग परिवर्तन की लिये कर सकता है। एक के बाद एक चैनल इनपुट विधि में आन्तरिक क्लॉक पल्स होती है जो A/D परिवर्तन को करती है और जब परिवर्तन पूरा हो जाता है तब स्वतः चैनल बदल जाती है। तीसरे प्रकार की विधि मे प्रोग्रामर अन्तिम चैनल को करता है और इसके बाद चैनल एक क्रम में एक के बाद एक Select होती जाती है।

6.12 समान आऊटपुट सहायक यंत्र (Analog Output Subsystem)

जितने भी माइक्रोप्रोसेसर आधारित नियंत्रक तंत्र हैं। जिसमे जितने कार्य किये जाते है चाहे वो वोल्टेज नियंत्रण युक्तियां हो या रीले प्रचालित युक्तियां हो माइक्रोप्रोसेसर द्वारा नियंत्रित किये जाते है। इस तरह के उपयोगों में माइक्रोप्रोसेसर से प्राप्त होने वाले डिजिटल आऊटपुट को उसी के समानुपातिक क्रम में समान आऊटपुट (Anaolg output) में परिवर्तित होना चाहिये ।

SBC 724 समान आऊटपुट बोर्ड (SBC 724 Analog Output Board)

इस चिप में चार DAC माडुलस होते है जो 12 bit के डिजिटल सकेतो को समान संकेतो (Analog Signals) में परिवर्तित करते हैं।

ये -10V से लेकर + 10 V तक के वोल्टेज को परिवर्तित कर सकते हैं।



चित्र (6.12) – SBC 724 समान आऊटपुट बोर्ड

SBC 724 चिप चित्र (6.12) में प्रदर्शित है जिसमें ADRO-ADRF की 12 लाइनें प्रदर्शित है। जब माइक्रोप्रोसेसर चिप के साथ मेमोरी राइट आदेश के साथ जुड़ता है । इस बोर्ड से एड्रेस को जम्पर तारों की सहायता से जोड़ा जाता है। जो 8 के गुणक में होते हैं। जब माइक्रोप्रोसेसर से डाटा भेजा जाता है तो ये DAC द्वारा लेच (latch) कर दिया जाता है इसके पश्चात् परिवर्तन शुरू हो जाता है ये लेच तब शुरू होता है जब उच्च बाइट का अन्तरण किया जाता है। निम्न बाइट HOLD रजिस्टर्स में रखे जाते हैं जो सभी DAC के लिये एक जैसे होते हैं ।

आऊटपुट लिखावट (Output Writing)

प्रत्येक DAC के आऊटपुट को एक लोड प्रतिरोध के समानान्तर क्रम में लगाते हैं। इस प्रतिरोध का मान DAC से आने वाले आऊट वोल्टेज तथा धारा के द्वारा निकाला जाता है। DAC के बचाव के लिये शार्ट परिपथ का इस्तेमाल किया जाता है।

7. 8086 माइक्रोप्रोसेसर आर्किटेक्चर और ऑपरेशन

8086 माइक्रोप्रोसेसर आर्किटेक्चर और ऑपरेशन:

यह 16 बिट का माइक्रोप्रोसेसर है। 8086 में 20 बिट एड्रेस बस है जो 220 मेमोरी स्थानों तक पहुंच सकती है)I एमबी (| यह 64K इनपुट आउटपुट/ पोर्ट तक का समर्थन कर सकता है। यह 14, 16-बिट रजिस्टर प्रदान करता है। यह एड्रेस और डेटा बस एडी०-एडी -15 और ए-16 – ए-19 को मल्टीप्लेक्स करता है । इसके लिए 33% के साथ एकल चरण घड़ी की आवश्यकता होती जो आंतरिक समय प्रदान करने के लिए कर्तव्य चक्र है । 8086 को दो मोड में संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, न्यूनतम और अधिकतम। यह मेमोरी से 6 निर्देश बाइट्स तक प्रीफ़ेच कर सकता है और उन्हें कतार में खड़ा कर सकता है निर्देश निष्पादन में तेजी लाने के लिए। इसके लिए +5 वोल्ट बिजली की आपूर्ति की आवश्यकता होती है। यह एक 40 पिन दोहरी लाइन पैकेज है ।

न्यूनतम और अधिकतम मोड:

न्यूनतम मोड MN / MX # इनपुट पिन पर तर्क I लागू करके चुना जाता है। यह एक है एकल माइक्रोप्रोसेसर कॉन्फ़िगरेशन। लॉजिक O को लागू करके अधिकतम मोड का चयन किया जाता है

8086 की आंतरिक आर्किटेक्चर

8086 में दो ब्लॉक बीआईयू और यूरोपीय संघ हैं। बीआईयू निर्देश जैसे सभी बस संचालन करता है स्मृति के लिए ऑपरेंड लाना, पढ़ना और लिखना और उसके पते की गणना करना मेमोरी ऑपरेंड। निर्देश बाइट्स को निर्देश कतार में स्थानांतरित कर दिया

जाता है। यूरोपीय संघ अनुदेश प्रणाली बाइट कतार से निर्देश निष्पादित करता है। दोनों इकाइयां काम करती हैं 8086 को एक अतिव्यापी निर्देश लाने और निष्पादन तंत्र देने के लिए अतुल्यकालिक रूप से जिसे पिपेलिनिंग कहा जाता है। इसके परिणामस्वरूप सिस्टम बस और सिस्टम का कुशल उपयोग होता है प्रदर्शन। बीआईयू में निर्देश कतार, खंड रजिस्टर, निर्देश सूचक शामिल हैं, पता जोड़ने वालायूरोपीय संघ में नियंत्रण सर्किटरी ., निर्देश डिकोडर, एएलयू, पॉइंटर और इंडेक्स शामिल हैं रजिस्टर, ध्वज रजिस्टर।

बस इंटरफैकर यूनिट:

यह १६ बिट कि दो दिशाओ वाली तथा २० बिट कि एड्रेस बस प्रोविड करता है यह| | सभी बाहरीबस प्रचालन के लिए जिमेदार होता है

ये निम्न फलन विशेष रूप से रखता है :

यह कतार निर्देश कोड के सिक्स बाइट्स तक की प्रीफेच की अनुमति देती है। जब भी कतार लगी हो बीआईयू भरा नहीं है, इसमें कम से कम दो और बाइट्स के लिए जगह है और एक ही समय में यूरोपीय संघ है मेमोरी से ऑपरेंड पढ़ने या लिखने का अनुरोध नहीं करते हुए, बीआईयू आगे देखने के लिए स्वतंत्र है अगले अनुक्रमिक निर्देश को पूर्व निर्धारित करके कार्यक्रम। ये प्रीफ़ेचिंग निर्देश वे अपने FIFO कतार में आयोजित किए जाते हैं। अपने 16 बिट डेटा बस के साथ, बीआईयू दो निर्देश बाइट्स प्राप्त करता है एक एकल स्मृति चक्र। कतार के इनपुट छोर पर एक बाइट लोड होने के बाद, यह स्वचालित रूप से FIFO के माध्यम से आउटपुट के निकटतम खाली स्थान पर स्थानांतरित हो जाता है।

कार्यान्वयन इकाई आउटपुट अंत से कतार तक पहुंचता है। यह एक के बाद एक निर्देश बाइट पढ़ता है कतार के आउटपुट से। यदि कतार भरी हुई है और यूरोपीय संघ पहुंच का अनुरोध नहीं कर रहा है स्मृति में संचालन। कोई बस गतिविधि नहीं के ये अंतराल, जो बस चक्रों के बीच हो सकते हैं निष्क्रिय अवस्था के रूप में जाना जाता है। यदि बीआईयू

पहले से ही एक निर्देश प्राप्त करने की प्रक्रिया में है जब कार्यान्वयन इकाई रीड तथा राईट ओप्रन्ड्स को मेमोरी तथा इनपुट| आउटपुट से अनुरोध करता है/

8086 के आंतरिक रजिस्टर

8086 में उपयोगकर्ता के चार समूह सुलभ आंतरिक रजिस्टर हैं। वे निर्देश हैं पॉइंटर, चार डेटा रजिस्टर, चार पॉइंटर और इंडेक्स रजिस्टर, चार सेगमेंट रजिस्टर। 8086 में कुल चौदह 16-बिट रजिस्टर हैं, जिसमें 16 बिट रजिस्टर शामिल है जिसे स्टेटस कहा जाता है स्थिति और नियंत्रण झंडे के लिए लागू बिट्स में से 9 के साथ रजिस्टर करें। अधिकांश रजिस्टर 64 KB मेमोरीसेगमेंट के भीतर डेटा-चार अलग .अनुदेश ऑफ़सेट शामिल हैं/ अलग64 हैं निर्देश, स्टैक, डेटा और अतिरिक्त डेटा के लिए KB सेगमेंट। यह निर्दिष्ट करने के लिए कि I MB में कहां है प्रोसेसर मेमोरी ये 4 सेगमेंट स्थित हैं प्रोसेसर चार सेगमेंट रजिस्टरों का उपयोग करता है:

कोड सेगमेंट (CS)

एक 16-बिट रजिस्टर है जिसमें प्रोसेसर के साथ 64 KB सेगमेंट का पता होता है |निर्देश प्रोसेसर द्वारा संदर्भित निर्देशों के लिए सभी एक्सेस के लिए सीएस सेगमेंट का उपयोग करता है अनुदेश सूचक रजिस्टर। सीएस रजिस्टर सीधे नहीं (आईपी)बदला जा सकता है।

स्टैक सेगमेंट:

यह एक १६ बिट का रजिस्टर है जो एड्रेस को ६४ के बी में प्रोग्राम स्टैक के साथ रखता है |

सीएस रजिस्टर

8086 माइक्रोप्रोसेसर के सभी सामान्य रजिस्टरों का उपयोग अंकगणित और तर्क के लिए किया जा सकता है कार्रवाई। सामान्य रजिस्टर हैं:

